# समुद्र प्रताप का प्रक्षेपण

**स्रोत: पी.आई.बी**

हाल ही में गोवा में पहला स्वदेश निर्मित प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रताप लॉन्च किया गया।

- इस पोत का निर्माण **गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL)** द्वारा भारतीय तटरक्षक बल (ICG) के लिये किया गया है।
- यह **पहली बार** है कि इन पोतों को **स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित** किया जा रहा है। यह पोत देश के समुद्री तट पर तेल रिसाव **की घटनाओं का पता लगाने** और उन्हें रोकने में सहायता करेगा।
- **तेल रिसाव:**
    - तेल रिसाव मानवीय गतिविधियों के कारण पर्यावरण, विशेषकर **समुद्री क्षेत्रों** में तरल पेट्रोलियम हाइड्रोकार्बन का रिसाव है।
    - तेल रिसाव का कारण **टैंकरों, अपतटीय प्लेटफार्मों, ड्रिलिंग रिगों या कुओं** से कच्चे तेल का रिसाव हो सकता है।
    - समुद्र की सतह पर तेल **सूर्य के प्रकाश को अवरुद्ध करके और** घुलित ऑक्सीजन के स्तर **को कम करके** जलीय जीवन को नुकसान पहुँचाता है।
    - मेक्सिको की खाड़ी में **डीपवाटर होराइज़न तेल रिसाव (2010)** को इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे प्रसिद्ध तेल रिसाव माना जाता है।
    - ऑयलज़ैपर **तेल रिसाव से छुटकारा पाने के लिये** बैक्टीरिया का उपयोग करने की नई तकनीक है।

**और पढ़ें:** तेल रिसाव

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/launch-of-samudra-pratap